# आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
e-mail: jdacad1960@gmail.com Ph 0141-2706550

क्रमांकः– एफ 7(4)विविध/अकाद/आकाशि/2024/ दिनांकः–

समस्त प्राचार्य,
राजकीय/निजी महाविद्यालय
जिला–भरतपुर, डीग व धौलपुर।

विषयः– माननीय मुख्यमंत्री महोदय से विद्यार्थियों का संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग के संबंध में।

संदर्भः– महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर का पत्रांक VC/2024/Sectt/704 Dt. 09-02-2024

उपरोक्त विषयांतर्गत एवं संदर्भित पत्र के क्रम मे आपको निर्देशित किया जाता है कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय, द्वारा महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर में दिनांक 13.02.2024 को महाविद्यालयों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से संवाद किया जायेगा। इस हेतु विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार अंतर्गत आने वाले भरतपुर, डीग व धौलपुर जिलों के प्रत्येक राजकीय/निजी महाविद्यालय से न्यूनतम 200 विद्यार्थियों अथवा इससे अधिक को उक्त संवाद में भाग लेने हेतु विश्वविद्यालय में लाना सुनिश्चित करें।

साथ ही आपको निर्देशित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा चाही गई सूचना यथाशीघ्र विश्वविद्यालय को उपलब्ध करावें।

उपरोक्त कार्य को प्राथमिकता से एवं गंभीरता से किया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार।

आयुक्त,
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।

क्रमांकः– एफ 7(4)विविध/अकाद/आकाशि/2024/ दिनांकः–

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. कुलपति, महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर।
2. सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय भरतपुर।
3. समस्त प्राचार्य राजकीय/निजी महाविद्यालय, जिला भरतपुर, डीग व धौलपुर।
4. वेब प्रभारी, आयुक्तालय को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
5. रक्षित पत्रावली।

आयुक्त,
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।

RajKaj Ref
5605045

Signature valid
Digitally signed by Pukhraj Sen
Designation : Commissioner
Date: 2024.02.12 16:11:32 IST
Reason: Approved

प्रो. रमेश चन्द्रा
कुलपति

(68 / 09/02/24) Ms. Rakesh

09/02/24

महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय
चक राकीतरा, कुम्हेर, भरतपुर-321201
राजस्थान (भारत)
ईमेल : vc@msbrijuniversity.ac.in
website : msbrijuniversity.ac.in
पत्रांक नं. VC/2024/Sectt/704
दिनांक 09/02/2024

494
9.2.24

श्रीमान आयुक्त,
आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा,
जयपुर।

विषय :– माननीय मुख्यमंत्री महोदय से विद्यार्थियों का संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग के संबंध में विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार में आने वाले सभी राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देशित करने बाबत।

JD(Acad)

9/2

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा विश्वविद्यालय में दिनांक 13.02.2024 को महाराजा सूरजमल जी की प्रतिमा का अनावरण किया जा रहा है। माननीय मुख्यमंत्री महोदय से प्राप्त निर्देशानुसार उक्त कार्यक्रम के उपरांत मुख्यमंत्री महोदय महाविद्यालयों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से संवाद करेंगे। इस हेतु विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार अन्तर्गत आने वाले भरतपुर, डीग व धौलपुर जिलों के प्रत्येक महाविद्यालय से न्यूनतम 200 विद्यार्थियों अथवा इससे अधिक को उक्त संवाद में भाग लेने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। इस बाबत विश्वविद्यालय की ओर से सभी महाविद्यालयों का पत्र प्रेषित कर प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों व शिक्षकों की सूची मांगी गई है तथापि आदिनांक तक महाविद्यालयों ने इस संबंध में किसी सूचना से विश्वविद्यालय को अवगत नही कराया है।

इसी क्रम में आपको अवगत कराना चाहता हूँ कि भरतपुर माननीय मुख्यमंत्री महोदय का गृह जिला है तथा माननीय मुख्यमंत्री जी की इस कार्यक्रम में विशेष रूचि है। उक्तानुसार ही श्रीमान जी से निवेदन है कि सभी राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों को निर्देशित करने का श्रम करावें कि सभी महाविद्यालय उक्त संवाद में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। उक्त सूचना माननीय मुख्यमंत्री के कार्यालय को भेजी जानी है। महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व न होने एवं विद्यार्थियों के अनुपस्थित रहने की जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालय की होगी।

भवदीय

रमेश चन्द्रा

(प्रो. रमेश चन्द्रा)
कुलपति

प्रतिलिपि :– निम्नांकित को आवश्यक कार्यवाही एवं सूचनार्थ प्रेषित है :–

1. श्रीमान निजी सचिव, माननीय मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान।
2. श्रीमान संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा (ग्रुप–4) विभाग, जयपुर।
3. श्रीमान निजी सचिव, माननीय गृह राज्य मंत्री श्री जवाहर सिंह बेढ़म जी, राजस्थान।
4. रक्षित पत्रावली।

रमेश चन्द्रा
कुलपति

# महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय

चक रारकीतरा, कुम्हेर, भरतपुर -321201

Email- info@msbrijuniversity.ac.in Website – www.msbrijuniversity.ac.in


पत्रांक :–मसूबृवि/2048 दिनांक :–09.02.2024

समस्त प्राचार्य,
राजकीय एवं निजी महाविद्यालय,
भरतपुर/डीग/धौलपुर।

विषय :– माननीय मुख्यमंत्री महोदय से विद्यार्थियों का संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा विश्वविद्यालय में दिनांक 13.02.2024 को महाराजा सूरजमल जी की प्रतिमा का अनावरण किया जा रहा है। माननीय मुख्यमंत्री महोदय से प्राप्त निर्देशानुसार उक्त कार्यक्रम के उपरांत मुख्यमंत्री महोदय विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालयों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से संवाद करेंगे। अतः माननीय कुलपति महोदय के निर्देशानुसार आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपने महाविद्यालय के न्यूनतम 200 विद्यार्थियों अथवा इससे अधिक को उक्त संवाद में भाग लेने हेतु लाना सुनिश्चित करें। सभी छात्र महाविद्यालय के परिचय पत्र के साथ ही उपस्थित रहे। विद्यार्थियों की बस से आने–जाने की व्यवस्था संबंधित महाविद्यालय अपने स्तर पर किया जाना सुनिश्चित करें। सवांद में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेंगे।

साथ ही, संवाद में भाग लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या, नाम, कक्षा एवं परिवहन में उपयोग किये जाने वाले वाहन का विवरण info@msbrijuniversity.ac.in तथा कन्ट्रोल रूम के वाट्सअप नम्बर 8005631379 पर दिनांक 10.02.2024 तक प्रत्येक परिस्थिति में भिजवायें। उक्त सूचना माननीय मुख्यमंत्री के कार्यालय को भेजी जानी है। महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व न होने एवं विद्यार्थियों के अनुपस्थित रहने की जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालय की होगी। विश्वविद्यालय के निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित न करने की स्थिति में विश्वविद्यालय एक्ट के प्रोविजन अनुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

डॉ. अरूण कुमार पाण्डेय
(कुलसचिव)

प्रतिलिपि :– निम्नांकित को आवश्यक कार्यवाही एवं सूचनार्थ प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, कुलपति सचिवालय।
2. रक्षित पत्रावली।

(कुलसचिव)